an>

Title: Need to set up a Trauma Centre along National Highway No. 75 in Palamu Parliamentary Constituency, Jharkhand.

श्री विÂष्णु दयाल राम (पलामू) : महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र पलामू में पड़वा से मुरीसेमर वाया गढ़वा राष्ट्रीय राजमार्ग 75 का निर्माण कार्य लगभग पूरा होने की स्थिति में है और जल्द ही इस राजमार्ग पर तेज रफ्तार वाले वाहनों की संख्या भी बढ़ने वाली है। तेज रफ्तार वाहन चालकों पर सरकारी अंकुश नहीं के बराबर है। समय-समय पर सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय सरकारी विज्ञापन, चेतावनी जैसे अन्य उपायों द्वारा वाहन चालकों को राष्ट्रीय राजमार्गों पर तेज गति से वाहन नहीं चलाने के लिए संदेश प्रसारित करता है, परन्तु इसका असर बहुत कम ही देखने को मिलता है।

देश में प्रत्येक मिनट एक गम्भीर रोड हादसा होता है और तकरीबन 16 लोग हर घंटे सड़क हादसों में मौत के शिकार हो जाते हैं। वÂाऩ 2014 के दौरान ही 1,39,671 लोगों ने सड़क हादसों में अपनी जान गंवाई है, जिसमें से लगभग 41 प्रतिशत लोगों (57,844) की जान गंवाने का कारण तेज गति से वाहन चलाना है।

राष्ट्रीय राजमार्गों पर गम्भीर सड़क हादसों के शिकार लोगों को उचित स्वास्थ्य सेवाएं ना मिल पाने के कारण भी मरने वाले लोगों की संख्या में बढ़ोत्तरी हो रही है। मैं आपके संज्ञान में लाना चाहता हूं कि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के साथ मिलकर राष्ट्रीय राजमार्गों के किनारे प्रत्येक 100 किलोमीटर पर ट्रॉमा सेंटर की स्थापना करने सम्बन्धी योजना कार्यान्वित करने की शुरूआत की है।

मेरा सदन के माध्यम से माननीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री एवं सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री जी से विनम्र अनुरोध है कि एक ट्रॉमा सेंटर पर्याप्त संख्या में एम्बुलेंस की व्यवस्था के साथ मेरे संसदीय क्षेत्र पलामू में राष्ट्रीय राजमार्ग 75 पर स्थापित करवाने की कृपा करें, जिससे किसी भी आपात स्थिति में लोग इस सुविधा का लाभ ले सकें। मैं इसके लिए सदैव आपका आभारी रहूंगा।